मई, 2009
MAY, 2009

# LL-02

## लाइसेन्शिएट परीक्षा
## जीवन बीमा के व्यवहार
## LICENTIATE EXAMINATION
## PRACTICE OF LIFE ASSURANCE

समय : 3 घंटे ] [कुल अंक : 100
Time: 3 Hours] [Total Marks : 100

**किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के हैं।**

**Answer EIGHT questions only. Question ONE carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.**

Marks

1. निम्न पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए - (प्रत्येक के 4 अंक)
   i) समानुदेशन
   ii) अभिकर्ता पारिश्रमिक
   iii) उपादान दायित्व के भुगतान की विधियाँ
   iv) परिवर्तनशील योजनाएँ

1. Write short notes on :- 4 each
   i) Assignment
   ii) Remuneration to Agents
   iii) Ways of meeting Gratuity Liability.
   iv) Convertible Plans.

2. जीवन बीमा में पुनर्चलन का महत्व स्पष्ट करते हुए पुनर्चलन की विभिन्न विधियों का वर्णन कीजीए। 12

2. Discuss the importance of Revivals in Life Insurance, bringing out clearly the various types of Revivals. 12

3. क) 'सभी जोखिम बीमा योग्य नहीं होते', कारण बताईये। (प्रत्येक के 6 अंक)
   ख) बीमा हेतु स्वीकृत होने वाले आयु प्रमाण के विषय में बताते हुए, आयु प्रमाण की आवश्यकता का वर्णन करें।

3. a) "All Risks are not Insurable," Give your reasons. 6 each
   b) Explain the importance of Age Proof, stating the standard age proofs acceptable to insurers.

4. निम्न के जोड़े बनाईए :- (प्रत्येक के लिए 1 अंक)

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| i) अभिकर्ता | अ) संयुक्त विमुक्ति एवम् क्षतिपूर्ति बंधक पत्र |
| ii) अनूसूची | ब) 1938 |
| iii) प्राकृतिक उत्तराधिकारी | क) 1986 |
| iv) किओस्क | ड) अवधि बीमा एवम् उपादान लाभ |
| v) डाक जीवन बीमा | इ) रक्षा कर्मियों को रक्षा विभाग द्वारा जारी पहचान पत्र |
| vi) सी. ओ. पी. ए. | फ) पालिसी क्रमांक |
| vii) बीमा अधिनियम की धारा 45 | क) यूबेरिमा फाइड्स |
| viii) मानक आयु प्रमाण पत्र | ख) 1999 |
| ix) परम संद्भाव | ग) वैध अनुबन्ध के तत्व |
| x) विचारों का मतैक्य | घ) विवाहित महिला सम्पदा अधिनियम |
| xi) न्यासी | ञ) अनामित सूचना |
| xii) बीमा विनियामक एवम् विकास प्राधिकरण | च) 1884 |

4. Match the following :- 1 each

| 'A' | 'B' |
|---|---|
| i) Agent | a) Joint Discharge & Indemnity Bond |
| ii) Schedule | b) 1938 |
| iii) Natural Heirs | c) 1986 |
| iv) Kiosks | d) Term Insurance & Gratuity Benefits. |
| v) Postal Life Insurance | e) Indentity Card issued by Defence Dept. in case of a Defence Personnel |
| vi) COPA | f) Policy Number |
| vii) Sec 45 of the Insurance Act. | g) uberrimae Fides |
| viii) Standard Age Proof | h) 1999 |
| ix) Utmost Good Faith | i) Essentials of Valid Contract |
| x) Consensus ad idem | j) MWP Act |
| xi) Trustee | k) Unmanned Information Centre |
| xii) IRDA | l) 1884 |

5. कारण स्पष्ट करते हुए लिखिए कि निम्न कथन सत्य है या असत्य :- (प्रत्येक के 2 अंक)

क) सात वर्षों के उपरान्त बीमीत को मृत मानकर बीमाकर्ता दावे का भुगतान कर सकता है।

ख) पूर्व समापित पालिसियों का पुर्नस्थापन संभव है यदि शेष समर्पण मूल्य का भुगतान पालिसी धारक को कर दिया गया हो।

ग) निगम अतिरिक्त बीमा राशी देने के लिए बाध्य है यदि बीमीत की अपंगता अथवा मृत्यु का कारण नागरिक दंगे की वजहसे हो।

घ) आई. आर. डी. ए. के अनुसार प्रस्ताव का निर्णय 15 दिन के भीतर बता देना चाहिए।

च) यदि अभिकर्ता कमीशन राशी का आंशिक या पूर्णतया लाभ प्रीमीयम में छूट के रूप में देता है तो अभिकरण रद् किया जा सकता है।

छ) प्रत्येक साझेदार का एक दूसरे में बीमाहित समाहित है।

5. State giving reasons whether the following statements are true or false:- 2 each

a) The insurer may consider payment of a claim, presuming death, only after seven years have elapsed.

b) The reinstatement of a fore closed policy is allowed even if the balance surrender value has been paid to the policy holder.

c) The Corporation shall be liable to pay the additional sum assured, if the disability or the death of the Life Assured shall be caused by injuries resulting from Civil Commotion.

d) As per the IRDA Regulations, the decision on the proposal must be conveyed within 15 days.

e) If an agent offers rebate of the whole or part of commission his agency can be terminated.

f) Partners have insurable interest in each other's lives.

6. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्दों में कीजीए - (प्रत्येक रिक्त स्थान के लिए 1 अंक)

i) यदि मूल्यन से यह ज्ञात होता है कि जीवन निधि, अनुमानित देयता से ............... है तो बीमाकर्ता दायित्व शोधन ............... में है।

ii) सशस्त्र सेनाओं के कमीशन प्राप्त अधिकारियों के लिए बिना स्वास्थ्य परिक्षण विशेष योजना के अंन्तर्गत अधिकतम बीमा राशी की सीमा ............... है।

iii) पालिसी ऋण पर ब्याज ............... रूप से देय होता है।

iv) तुरन्त वार्षिकी को ............... जीवन वार्षिकी भी कहते है।

v) बोनस केवल ............... पालिसियों पर निहित होता है जो मूल्यांकन तिथियों पर चालू स्थिति में होती है।

vi) प्रदत्त मूल्य का भुगतान ………… या ………… पालिसी शर्तों के आधार पेर होता है।

vii) उपभोक्ता विवाद निवारण मंच को विवाद उत्पन्न होने के ………… वर्षों तक शिकायत की जा सकती है, जबकि लोकपाल के लिए यह सीमा ………… वर्ष है।

viii) जीवन बीमा के सिध्दान्त अनुसार ………… "अप साईड डाऊन" कहलाती है।

ix) साधारणतया व्यावसायिक अनुबंध ………… के सिध्दांत के अधीन होते है।

6. Fill in the blanks :- 1 for each blank

i) If the valuation discloses that the Life Fund is _________ than the estimated liabilities, the Insurer is said to have a _________.

ii) Maximum SA allowed under Non-Medical (Special) for the commissioned officers is _________.

iii) Interest on Policy Loan is Payable at _________ Intervals.

iv) Immediate Annuity is also called _________ life annuity.

v) Bonus vests on _________ policies which are in force on the date of valuation.

vi) Paid-up value is payable on _________ or _________ as per the conditions of the Policy.

vii) The Consumer Forum can entertain complaints up to _________ years from the date on which the cause of action arose, while the limit for Ombudsman is _________ years.

viii) _________ is called the "upside down application of the Life Insurance Principle."

ix) Commercial contracts are normally subject to the principle of _________.

7. (प्रत्येक के 4 अंक)

i) 'प्रदत्त मूल्य' से क्या तात्पर्य है?

ii) "पूर्व समापन" का आशय स्पष्ट कीजीए।

iii) प्रतिलिपी पालिसी को जारी करने की प्रक्रिया का वर्णन करें।

7. 4 each

i) What is Paid-up value?

ii) What is meant by foreclosure?

iii) Explain in brief the procedure for issue of duplicate Policy?

8\. i) "परम् सदभाव" का सिध्दान्त क्या है? 6

ii) वे कौनसी परिस्थितियाँ हैं, जिन्हें प्रकट करना आवश्यक नहीं है? 3

iii) बीमा अधिनियम 1938 की धारा 45 का संक्षेप में वर्णन कीजीए। 3

8\. i) What is the Principle of Utmost Good Faith? 6

ii) What are the circumstances which need not be disclosed? 3

iii) Briefly state the effect of Section 45 of Insurance Act 1938. 3

9\. i) निम्न आंकड़ों के आधार पर, एक पुरूष जीवन जिसकी जन्म तिथि 28-07-1978 है, बीमा राशि रू. 40,000 के लिए मासिक प्रीमियम की गणना कीजिए :- 9

| | |
|---|---|
| प्रारम्भ तिथि | - 24.01.2009 |
| योजना, अवधि | - बन्दोबस्ती लाभ सहित, 25 वर्ष |
| व्यवसाय अतिरिक्त | - 8.00 ‰ |
| विस्तारित स्थाई अपंगता हितलाभ | - 1.50 ‰ |
| अन्य सम्पूरक | - 8.00 ‰ |
| स्वास्थ्य अतिरिक्त | - 12 ‰ |
| भुगतान विधि छूट | - 5 % अधिक, तालिका प्रीमीयम पर |
| बीमा राशी छूट | - रू. 1.50 प्रति हजार (रू. 50,000 एवंम् अधिक बीमाराशि हेतु) |

| निकटतम जन्म तिथि पर आयु | | तालिका प्रीमीयम |
|---|---|---|
| 30 वर्ष | - | 28.50 |
| 31 वर्ष | - | 28.75 |
| 32 वर्ष | - | 28.90 |

ii) कुछ बीमाकर्ताओं द्वारा प्रीमीयम भुगतान के लिए दिए जाने वाले "अनुग्रह दिवसों" का वर्णन करें। 3

9\. i) From the following data calculate the monthly premium payable by a male life born on 28.7.1978 for a Sum Assured of Rs. 40,000/- 9

Date of Commencement – 24.01.2009

| Age Nearer birthday | | Tabular Premium |
|---|---|---|
| 30 | - | 28.50 |
| 31 | - | 28.75 |
| 32 | - | 28.90 |

| | | |
|---|---|---|
| Plan and Term | - | Endowment with Profit - 25 years. |
| Occupation Extra | - | 8.00‰ |
| EPDB | - | 1.50‰ |
| Other Riders | - | 8.00‰ |
| Health Extra | - | 12.00‰ |

For mode 5% extra on tabular premium and S.A. Rebate Rs. 1.50 per thousand for S.A. Rs. 50,000 and above.

ii) Explain the "Grace period" allowed by some insurers for payment of premium. 3

(प्रत्येक के 6 अंक)

10. क) *"विवाहित महिला सम्पदा अधिनियम" में निहित प्रावधानों की विवेचना करें।*

ख) बीमाकर्ताओं द्वारा दिए जाने वाले अतिरिक्त लाभ/सम्पूरकों का वर्णन करें।

10. a) State the salient features of MWP Act. 6 each

b) Discuss the additional benefits/riders allowed by Insurers.

----- समाप्त -----

----- THE END -----